**Terms of Reference**
**Consultant – Community Processes / Comprehensive Primary Healthcare, NHSRC**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to channelize technical assistance and capacity building support to the states for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute to health policy / programme design and evaluation. NHSRC intends recruiting Consultants for its Community Processes / Comprehensive Primary HealthCare Division, purely on a contractual basis.
Since its inception in 2006, NHSRC has been a repository of knowledge and a centre of excellence for its agenda. This organization has professional linkages with a plethora of domestic and international bodies involved in the field of Public Health. There have been several personnel who have served with NHSRC and gained invaluable experience enabling them to graduate to next rung of professional ladder. Vast exposure to Ministry of Health and Family Welfare, and its processes is a unique feature of NHSRC.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands on implementation assistance at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the vision of universal health coverage.

The Position reports to Advisor- Community Processes/ Comprehensive Primary Healthcare (CP/CPHC) and is on Contractual basis.

**Roles & Responsibilities:**

Direct support to selected states as allocated, for implementation of Community Processes (CP) and Comprehensive Primary Health Care(CPHC) programme. Key functions include:

- Support states in implementing Community Processes (CP) interventions and Comprehensive Primary Health Care (CPHC) components services including operationalizing HWCs as required at National and State Level.
- Support states in rolling out all components of the Health and Wellness Center teams by enabling the translation of policy into the programme, enabling adaption to varying contexts.
- Draft technical and operational guidelines related to Community Processes and Comprehensive Primary Health Care
- Undertake capacity building, policy support and research for implementing interventions at community and AB-HWCs
- Support the strengthening of the district and state-level training sites/ programme study centres and ASHA certification process.
- Help states plan the scaling up of the Bridge Course for Mid-Level Health Providers and the processes for ASHA certification.
- Provide hands-on, field-based support at state and district levels for training, performance monitoring, and strengthening support structures for improving Health and Wellness centre teams and of ASHA, VHSNC/MAS, Jan Arogya Samitis, Panchayat Raj Institutions and Self-Help Groups.
- Assess and document state and district level innovations in CP/CPHC for scaling up.
- Support the process of development of IT tools for the primary health care teams to support the delivery of CPHC services and online portal to support planning and monitoring of CP-CPHC.

- Support states in implementing, training and supportive supervision including intersectoral convergence for platforms created for public participation- Village Health Sanitation and Nutrition Committees (VHSNC), Mahila Arogya Samitis (MAS), and Rogi Kalyan Samitis (RKS).
- Undertake periodic field visits to states and districts to review programme implementation in the States. Identify implementation challenges and support states in charting appropriate solutions.
- Enable linkages with appropriate public health/research/academic/technical support institutions for technical support on CP/CPHC at the State/District Level.
- Contribute to writing programme specific operational guidelines; technical and policy briefs, training material, reports, case studies, monitoring checklists/protocols etc.
- Support in undertaking operational research and impact assessments for improving the design of CP and CPHC interventions.
- Undertake such other assignments, which may be assigned from time to time by the Advisor/Community Processes

**Qualification & Experience:**

*i) Essential:*

- Medical Graduate including AYUSH/ BSc/ Bachelor's in Social Science/ Nursing/ Pharmacy with MD Community Medicine/ MPH/ MBA (Health Management/ Health Administration)/ Post Graduate Diploma in Hospital and Health Management/ MBA (Developmental Studies)/ MSW/ MA Social Sciences/ Post Graduation in Nutrition degree with at least 3(three) years of experience in Public Health/ Community Health and Health Systems, after post-graduation.
- Experience in undertaking research, capacity building and working with health systems in the public health system.
- Computer Skills: Proficiency in commonly used packages like MS Word, Excel, PowerPoint. Ability to use the internet for desk research, literature review and accessing other relevant documents.
- Excellent data analytical skills, documentation, communication and presentation skills
- Good interpersonal skills
- Excellent oral and written communication skills in English and or Hindi.

*ii) Desirable:*

- Working knowledge of other major regional languages
- Clinical experience is considered desirable but not essential.
- Experience in undertaking research reports and writing training modules on health for community platforms
- Demonstrated ability to work in a multi-disciplinary team environment.
- Demonstrated experience in working with NGO led Primary Health Care/Community Health Worker programs/state-level public health programmes/Grassroot level

**Age Limit:** Up to 40 Years (as on the date of receiving the application)

**Work Location:** New Delhi; Opportunity to gain hands on experience of public health canvas of states and districts. Travel to states and districts may be involved.

**Remuneration Range:** Between Rs. 60,000/- to Rs. 1,20,000/-
*Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.

**Other Benefits:** In addition to the renumeration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance (Pending Approval from MoH&FW), Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract:** Contract till 31st March 2025 (further extensions of similar duration,subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at appropriate level.

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is 5th December 2023.

## संदर्भ शर्तें (टीओआर)
## कनसल्टेंट – सामुदायिक प्रक्रियाएं / व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, एनएचएसआरसी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत स्वायत्त पंजीकृत संस्था के रूप में की गई है ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता दी जा सके और उनकी क्षमता बढ़ाई जा सके। एनएचएसआरसी को स्वास्थ्य नीति/कार्यक्रम डिजाइन और मूल्यांकन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है। एनएचएसआरसी अपने सामुदायिक प्रक्रियाओं/व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रभाग के लिए विशुद्ध रूप से अनुबंध के आधार पर कनसल्टेंट की भर्ती करने का इरादा रखता है।

2006 में आरंभ से ही एनएचएसआरसी अपने एजेंडे के लिए ज्ञान का भंडार और उत्कृष्टता का केंद्र रहा है। इस संगठन के सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में संलग्न अनेक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निकायों के साथ व्यावसायिक संबंध हैं। ऐसे कई कार्मिक रहे हैं जिन्होंने एनएचएसआरसी के साथ सेवा की है और अमूल्य अनुभव प्राप्त किया है जिससे वे पेशेवर सीढ़ी के अगले चरण में आगे बढ़ने में सक्षम हुए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और इसकी प्रक्रियाओं का व्यापक अनुभव एनएचएसआरसी की अनूठी विशेषता है।

यदि आप स्वास्थ्य समानता और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं तो यह भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार और राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तरों पर कार्यान्वयन सहायता के बारे में अनुभव के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने की प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर उपलब्ध कराता है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले दल के साथ कार्य करके आप सेवा वितरण प्रणाली, सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्द्धन संबंधी अनेक चुनौतियों के समाधान की खोज, अनुकूलन, सह–सर्जन और प्रचार–प्रसार कर सकते हैं। यह व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए समर्थन देने, जिला और उप–जिला स्तरीय कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान के आदान–प्रदान और सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के सपने को साकार करने में समर्थ होने का अवसर है।

इस पद पर नियुक्त व्यक्ति सलाहकार – सामुदायिक प्रक्रियाओं/व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपी/सीपीएचसी) को रिपोर्ट करता है और अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जाता है।

**भूमिकाएं और उत्तरदायित्वः**

सामुदायिक प्रक्रियाओं (सीपी) और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी) कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए आवंटित अनुसार चयनित राज्यों को प्रत्यक्ष समर्थन। प्रमुख कार्यों में शामिल हैं :

- राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर आवश्यकतानुसार एचडब्ल्यूसी के संचालन सहित सामुदायिक प्रक्रियाओं (सीपी) हस्तक्षेपों और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी) घटक सेवाओं को लागू करने में राज्यों का समर्थन करना।
- नीति को कार्यक्रम में बदलने को सक्षम करके, अलग–अलग संदर्भों में अनुकूलन को सक्षम करके हेल्थ एंड वेलनैस सेंटर की टीमों के सभी घटकों को लागू करने में राज्यों का समर्थन करना।
- सामुदायिक प्रक्रियाओं और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित तकनीकी और परिचालन दिशानिर्देशों का मसौदा तैयार करना।

- समुदाय और एबी–एचडब्ल्यूसीएस में हस्तक्षेप लागू करने के लिए क्षमता निर्माण, नीति समर्थन और अनुसंधान करना।
- जिला और राज्य–स्तरीय प्रशिक्षण स्थलों /कार्यक्रम अध्ययन केंद्र और आशा प्रमाणन प्रक्रिया को मजबूत करने में सहायता करना।
- मध्य–स्तरीय स्वास्थ्य प्रदाताओं के लिए ब्रिज कोर्स और आशा प्रमाणन की प्रक्रियाओं को बढ़ाने की योजना बनाने में राज्यों की सहायता करना।
- हेल्थ एंड वेलनैस सेंटर की टीमों और आशा, वीएचएसएनसी/एमएएस, जन आरोग्य समितियों, पंचायत राज संस्थानों और स्वयं सहायता समूहों के सुधार के लिए प्रशिक्षण, कार्य प्रदर्शन की निगरानी और समर्थन संरचनाओं को मजबूत करने के लिए राज्य और जिला स्तर पर व्यावहारिक, क्षेत्र–आधारित सहायता प्रदान करना।
- स्केलिंग–अप के लिए सीपी/सीपीएचसी में राज्य और जिला स्तर के नवाचारों का मूल्यांकन और दस्तावेजीकरण करना।
- सीपीएचसी सेवाओं के वितरण का समर्थन करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल टीमों के लिए आईटी उपकरणों के विकास की प्रक्रिया का समर्थन करना और सीपी–सीपीएचसी की योजना बनाने और निगरानी का समर्थन करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल।
- सार्वजनिक भागीदारी के लिए बनाए गए प्लेटफार्मों–ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समितियों (वीएचएसएनसी), महिला आरोग्य समितियों (एमएएस), और रोग कल्याण समितियों (आरकेएस) के लिए अंतर–क्षेत्रीय अभिसरण सहित कार्यान्वयन, प्रशिक्षण और सहायक पर्यवेक्षण में राज्यों का समर्थन करना।
- राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए राज्यों और जिलों का समय–समय पर क्षेत्रीय दौरा करना। कार्यान्वयन चुनौतियों की पहचान करना और उचित समाधान तैयार करने में राज्यों का समर्थन करना।
- राज्य/जिला स्तर पर सीपी/सीपीएचसी के बारे में तकनीकी सहायता के लिए उपयुक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य/अनुसंधान/शैक्षणिक/तकनीकी सहायता संस्थानों के साथ संबंध सक्षम करना।
- कार्यक्रम विशिष्ट परिचालन दिशानिर्देश; तकनीकी और नीति संक्षेप, प्रशिक्षण सामग्री, रिपोर्ट, केस अध्ययन, निगरानी चेकलिस्ट/प्रोटोकॉल आदि लिखने में योगदान करना।
- सीपी और सीपीएचसी हस्तक्षेपों के डिजाइन में सुधार के लिए परिचालन अनुसंधान और प्रभाव आकलन करने में सहायता।
- ऐसे अन्य कार्य करना, जो सलाहकार/सामुदायिक प्रक्रियाओं द्वारा समय–समय पर सौंपे जा सकते हैं।

योग्यता एवं अनुभवः

**i)** आवश्यकः

- आयुष सहित मेडिकल ग्रेजुएट/बीएससी/सामाजिक विज्ञान/नर्सिंग/फार्मेसी में स्नातक के साथ एमडी सामुदायिक चिकित्सा/एमपीएच/एमबीए (स्वास्थ्य प्रबंधन/स्वास्थ्य प्रशासन) अस्पताल और स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/एमबीए (विकासात्मक अध्ययन)/एमएसडब्ल्यू/एमए सामाजिक विज्ञान/ पोषण में स्नातकोत्तर डिग्री के बाद सार्वजनिक स्वास्थ्य सामुदायिक स्वास्थ्य और स्वास्थ्य प्रणालियों में कम से कम 3 (तीन) वर्षों का अनुभव।

- सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में अनुसंधान, क्षमता निर्माण और स्वास्थ्य प्रणालियों के साथ काम करने का अनुभव।
- कंप्यूटर कौशलः एमएस वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट जैसे आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेज में दक्षता। डेस्क अनुसंधान, साहित्य समीक्षा और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज़ों तक पहुँचने के लिए इंटरनेट का उपयोग करने की क्षमता।
- उत्कृष्ट डेटा विश्लेषणात्मक कौशल, दस्तावेज़ीकरण, संचार और प्रस्तुति कौशल।
- अच्छा पारस्परिक कौशल।
- अंग्रेजी और हिंदी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संचार कौशल।

**ii)** वांछनीयः
- अन्य प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं का कार्यसाधक ज्ञान।
- नैदानिक अनुभव को वांछनीय माना जाता है लेकिन आवश्यक नहीं है।
- सामुदायिक प्लेटफार्मों के लिए स्वास्थ्य पर अनुसंधान रिपोर्ट शुरू करने और प्रशिक्षण मॉड्यूल लिखने का अनुभव।
- विभिन्न क्षेत्रों की टीम वातावरण में काम करने की प्रदर्शित क्षमता।
- एनजीओ के नेतृत्व वाले प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल/सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता कार्यक्रमों/राज्य–स्तरीय सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों/जमीनी स्तर पर काम करने का प्रदर्शित अनुभव।

**आयु सीमाः** 40 वर्ष तक (आवेदन प्राप्त होने की तिथि के अनुसार)

**कार्य स्थानः** नई दिल्ली; राज्यों और जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य का अनुभव प्राप्त करने का अवसर। राज्यों और जिलों की यात्रा शामिल हो सकती है।

**परिलब्धि सीमाः** रु. 60,000/– से रु. 1,20,000/– के बीच।
* इस बैंड के अंदर दी जाने वाली फीस योग्यता और अनुभव के अनुरूप होगी।

**अन्य लाभः** उपर्युक्त उल्लेखित परिलब्धि के अतिरिक्त एनएचएसआरसी के कनसल्टेंट निःशुल्क दुर्घटना बीमा, सब्सिडीयुक्त चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल की प्रतिपूर्ति, लैपटोप प्रतिपूर्ति (एनएचएसआरसी की नीति के अनुसार), भारत सरकार की नीति के अनुसार 30 दिन का समेकित अवकाश, पूर्णतः सवेतन मातृत्व अवकाश (महिला कनसल्टेंट के लिए), कार्य प्रदर्शन से जुड़ी वेतन वृद्धि, टीए/डीए और ड्यूटी के दौरान यात्रा के लिए प्रतिदिन जैसे लाभ के हकदार हैं।

**अनुबंध की अवधि** : 31 मार्च, 2025 तक (संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के विषयाधीन समान अवधि का विस्तार) इस साक्षात्कार में चुने गए उम्मीदवारों पर अपेक्षित समान कौशलों के अनुसार और समुचित स्तर पर एनएचएसआरसी में अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करेंः** उम्मीदवारों से आग्रह किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरें जो एनएचएसआरसी की वैबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में होने पर ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 5 दिसंबर 2023 है।